दिनांक : 16.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

वी. श्रीनिवास को राजस्थान का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया हैं कार्मिक विभाग ने इस बारे में आदेश जारी किये हैं राज्यपाल की अनुमति से विभाग के संयुक्त शासन सचिव धीरज कुमार सिंह के आदेशों के अनुसार श्रीनिवास अपने नये पद के साथ राजस्थान राज्य खनिज एवं खनिज निगम लिमिटेड उदयपुर और नई दिल्ली के मुख्य आवासीय आयुक्त के पद का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगें 1989 बैच के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी वी. श्रीनिवास को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से अपने मूल कैडर राजस्थान के लिए रिलीव किया गयां वे कल पदभार ग्रहण कर सकते हैं वहीं राज्य के मुख्य सचिव रहे सुधांश पंत की दिल्ली में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति की गई हैं

.....................................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से दो दिन के प्रवास पर अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में रहेंगें श्री बिरला आज कोटा पहुंचें वे आज सीएडी ग्राउंड में आयोजित अन्नकूट महोत्सव और कल फाटाखेड़ा मंडाना में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगें

.....................................................................

उत्तर क्षेत्रीय परिषद–एनज़ेडसी की बैठक कल हरियाणा के फरीदाबाद में होगीं गृहमंत्री अमित शाह इसकी अध्यक्षता करेंगें परिषद की ये 32वीं बैठक हैं इसमें राजस्थान सहित आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और मुख्य सचिव शामिल होंगें
बैठक में इन विभिन्न राज्यों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगीं इनमें जल बंटवारे, आधारभूत संरचनाओं के विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार सहित अन्य बिन्दु शामिल हैं

.....................................................................

जोधपुर में आज हुए एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई और महिलाओं तथा बच्चों सहित 14 लोग घायल हो गयें इन्हें जोधपुर के एमबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं दुर्घटना जोधपुर–जैसलमेर नेशनल हाईवे 125 पर बालेसर के खेरी गांव में ट्रक और टेम्पो की टक्कर से हुई टेम्पो सवार सभी लोग गुजरात के साबरकांठा के थे और रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे कि सुबह करीब साढे पांच बजे हादसे का शिकार हो गयें

.....................................................................

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए सिरोही जिले में ड्रग लैब का भंडाफोड़ किया हैं इस कार्रवाई में, मास्टरमाइंड और 4 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं एनसीबी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान, टीम ने सौ किलो से अधिक रसायन जब्त किए हैं, जो लगभग सौ किलो मेफेड्रोन ड्रग बनाने के लिए पर्याप्त थे, जिसकी कीमत 40 करोड़ रुपये हैं
वहीं, एसओजी ने क्रूड ऑयल चोरी के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को बंगलूरू से गिरफ्तार किया हैं एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि आरोपी ब्यावर स्थित आईओसीएल की पाइपलाइन से सुरंग बनाकर क्रूड ऑयल चोरी कर टैंकरों से अन्य राज्यों में बेचता थां

.....................................................................

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस हैं यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता हैं राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता हैं इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना भी गई थीं ये परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में पत्रकारिता के मानकों को बनाये रखने के लिए काम करती हैं
राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं प्रेसकर्मियों की सत्यनिष्ठा और निर्भीकता का अभिनंदन करते हुए उन्होंने सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को महत्वपूर्ण बताया हैं

..................................................................

राज्य के शेखावाटी अंचल में पिछले तीन दिनों से शीतलहर का असर हैं सीकर के फतेहपुर में आज न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआं वहीं पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण अधिकतर स्थानों पर रात का पारा 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआं बारां, दौसा, करौली, चूरू, नागौर और बीकानेर के लूणकरणसर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां कुछ स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाया रहां

..................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 28 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगें

..................................................................